1518162

No. of Printed Pages : 12

**DECE-1**

# DIPLOMA IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION (DECE)

## Term-End Examination

## December, 2019

### DECE–1 : ORGANIZING CHILD CARE SERVICES

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :** Q. No. 1 is compulsory. Answer any other four questions.*

1. (a) Given below is a list of activities. State the area in which each activity primarily fosters development (e.g.-skipping a rope : gross motor development) : 5

(i) Drawing

(ii) Doing role play

(iii) Building structures with wooden blocks

(iv) Planning pebbles on a shape drawn on the floor

(v) Playing hide and seek

(b) You have been asked to select space to set up an ECCE centre. What are the aspects you will keep in mind while selecting the space ? 5

(c) Plan a schedule of activities for three days for a group of 25 three-year olds, mentioning time schedule of activities, and their brief description. Justify your selection of the activities and scheduling. 10

2. (a) What is self-concept ? Explain, how child rearing practices can help the child to develop a positive self-concept. 10

(b) How can the caregiver help the child to develop a sense of trust in the first year

life ? What are the consequences of not developing trust ? 10

3. Describe *one* activity each for the following : 4×5=20

(a) Developing vocabulary of three-year olds

(b) Developing reasoning abilities in four-year olds

(c) Developing concept of texture in four-year olds.

(d) Developing imagination of three-year olds

(e) Developing fine motor ability of two-year old.

4. (a) Explain the meaning of the term 'Conservation'. Are preschool children able to conserve ? Justify your answer on the bases of Piaget's experiments and research done later. 15

(b) What is meant by 'Animism' ? 5

5. (a) State the milestones of gross motor development in the first two years of life. 10

(b) What is the importance of monitoring milestones of gross and fine motor development ? 5

(c) Describe *one* age appropriate activity to foster gross motor development of a $1\frac{1}{2}$ year old child. 5

6. Write in about **500-750** words on any *three* of the following : 7+7+6

(i) Organizing a trip for preschoolers : importance, pre and post trip activities

(ii) Selecting educators and personnel for child care centre

(iii) Need for child care services and importance of preschool education

(iv) Salient features of sensori-motor stage of cognitive development

(v) Involving parents in the child care centre

7. (a) 'When carrying out the activity of drawing, the best way is that the children should copy the given drawing.' Do you agree with the statement ? Give reasons for your answer. 6

(b) State three activities you can carry out after narrating a story to a group of three-year old children. 6

(c) Describe any *two* methods of assessing the learning and progress of children in the early childhood education centre, giving examples. 4+4

डी.ई.सी.ई.-1

# प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा में डिप्लोमा ( डी.ई.सी.ई. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2019

## डी.ई.सी.ई.-1 : बच्चों के लिए देखभाल सेवाओं का संगठन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :** प्र. सं. 1 अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. (क) नीचे खेल-क्रियाओं की एक सूची दी गई है। बताइए कि प्रत्येक खेल-क्रिया प्रमुख रूप से विकास के किस क्षेत्र को बढ़ावा देती है। 5

(उदा. रस्सी कूदना : स्थूल क्रियात्मक विकास)

(i) ड्राइंग करना

(ii) भूमिका अभिनय

(iii) लकड़ी के गुटकों से संरचनाएँ बनाना

(iv) जमीन पर बनाए गए आकार पर कंकड़ रखना

(v) लुका-छिपी का खेल खेलना

(ख) आपको ई. सी. सी. ई. केन्द्र स्थापित करने के लिए स्थान का चेयन करने के लिए कहा गया है। स्थान का चयन करते समय आप किन कारकों के ध्यान में रखेंगे ? 5

(ग) तीन वर्षीय 25 बच्चों के समूह के लिए तीन दिनों के लिए गतिविधियों की अनुसूची और उनका संक्षिप्त विवरण दीजिए। आपने जिन गतिविधियों को चुना और जिस प्रकार से अनुसूचीबद्ध किया, उसकी पुष्टि कीजिए। 10

2. (क) स्व-संकल्पना क्या है ? बच्चे के पालन-पोषण करने के तरीके बच्चे में सकारात्मक स्व-संकल्पना विकसित करने में कैसे मदद कर सकते हैं, स्पष्ट कीजिए। 10

(ख) जीवन के प्रथम वर्ष में पालनकर्ता बच्चे में विश्वास की भावना विकसित करने में कैसे मदद कर सकता है ? विश्वास की भावना विकसित न होने के क्या परिणाम होते हैं ? 10

3. निम्नलिखित प्रत्येक के लिए एक गतिविधि का वर्णन कीजिए : 4×5=20

(क) तीन वर्षीय बच्चों के शब्द-भण्डार को विकसित करना

(ख) चार वर्षीय बच्चों में तर्क-शक्ति योग्यताएँ विकसित करना

(ग) चार वर्षीय बच्चों में बुनावट की संकल्पना विकसित करना

(घ) तीन वर्षीय बच्चों की कल्पना-शक्ति को विकसित करना

(ङ) दो वर्षीय बच्चों की सूक्ष्म क्रियात्मक योग्यता को विकसित करना

4. (क) 'संरक्षण' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए। क्या शालापूर्व बच्चे संरक्षण पाने योग्य होते हैं ? पियाजे के प्रयोगों और बाद में किए गए शोधों के आधार पर अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। 15

(ख) 'जीवत्वारोपण' से क्या अभिप्राय है ? 5

5. (क) जीवन के प्रथम दो वर्षों में स्थूल क्रियात्मक विकास के मानदण्डों की जानकारी दीजिए। 10

(ख) स्थूल और सूक्ष्म-क्रियात्मक विकास के मानदण्डों की निगरानी करने का क्या महत्व है ? 5

(ग) एक डेढ़ वर्षीय बच्चे के स्थूल-क्रियात्मक विकास के लिए ऐसी गतिविधि का वर्णन कीजिए जो उसकी आयु के अनुरूप हो। 5

6. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर 500–750 शब्दों में लिखिए : 7+7+6

(i) शालापूर्व बच्चों के लिए भ्रमण का आयोजन करने का महत्व, भ्रमण के पहले और बाद की गतिविधियाँ

(ii) बाल देखभाल केन्द्र के लिए शिक्षकों व कार्मिकों का चयन करना

(iii) बाल देखभाल सेवाओं की आवश्यकता और शालापूर्व शिक्षा का महत्व

(iv) संज्ञानात्मक विकास की संवेदी–क्रियात्मक अवस्था की मुख्य विशेषताएँ

(v) बाल देखभाल केन्द्र में माता–पिता को सम्मिलित करना

7. (क) 'ड्राइंग की गतिविधि आयोजित करने का सर्वोत्तम तरीका है, बच्चों को एक ड्राइंग देकर उसकी नकल करने के लिए कहना।' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के कारण बताइए। 6

(ख) वे तीन गतिविधियाँ बताइए जो तीन वर्ष के बच्चों के समूह को कहानी सुनाने के बाद आप आयोजित कर सकते हैं। 6

(ग) उदाहरण देते हुए, प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा केन्द्र में बच्चों ने जो सीखा और उनकी प्रगति का मूल्यांकन करने की किन्हीं **दो** विधियों का वर्णन कीजिए। 4+4